क्लासिफाइड

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब

NAME CHANGE

I, DINESH MADAAN S/O: RAMESH CHANDER MADAAN, R/O- H No-116, T,P Scheme, Near Uma Bharti School, Rewari, PO: Rewari, DIST: Rewari, Haryana-123401, have changed the name of my minor daughter Baby Two Of HIMANSHU aged 11 years and she shall hereafter be known as HIRAL.

I, ASHOK RAJAK S/O: UMESH RAJAK, R/O- Sikariya, Sikariya, Jehanabad, Bihar-804408, have changed the name of my minor daughter ANKU KUMAR aged 13 years and she shall hereafter be known as ANKU PRIYA.

I hitherto known as MOHENUR MOHAMMED NAUSHAD NURI D/O: ANJUM ARIFA MOHD NAUSHAD NUREE, R/O-at- chandergaon, post- khoksa, Baisi, PO: Baisi, DIST: Purnia, Bihar-854315, have changed my name and shall hereafter be known as NOORI MAHENOOR MD NAUSHAD.

I hitherto known as MISTY YADAV D/O: ANIL PRASAD, R/O- gram manjhauli, post manjhauli, thana sirdalla, Majhauli, PO: Manjhauli, DIST: Nawada, Bihar-80512l, have changed my name and shall hereafter be known as PUSHPA KUMARI.

I hitherto known as MAIMUN NASHA W/O: ISRAIL, R/O- chhoti masjid, Belaganj, PO: Belaganj, DIST Gaya, Bihar-804403, have changed my name and shall hereafter be known as SHAHNAZ KHATOON.

I, AJAY KUMAR S/O: NAGESHWAR YADAV, R/O- Gram- Chiknoutwa, Po-Chitti, Ward No-5, Chitti, Chitti, Madhepura, Ghailarh, Bihar-852124, have changed the name of my minor daughter ASMIRITI KUMARI aged 12 years and she shall hereafter be known as SMRITI KUMARI.

I, KIRAN DEVI W/O: PULKIT SHARMA, R/O- Parora, Sanha Purab, Sanha, Begusarai, Bihar-851219, have changed the name of my minor son SACHIN KUMAR aged 14 years and he shall hereafter be known as SINTU SHARMA.

I hitherto Known as HARENDRA KUMAR GUPTA S/o RANJENDRA PRASAD SAH, R/O-ward no 08, gram-Amari kukraun, panchayat - kukraun purv, post-Amari Amarikukroan, Dist: Purnia, Bihar-854205, have changed my name and shall hereafter be known as HARI PRASAD SAH.

I hitherto known as PAPPU KUMAR S/O: SHYAMLAL MAHTO, R/O- madagi, Madgi, Ramgarh, Jharkhand - 829150, have changed my name and shall hereafter be known as HARI KUMAR.

I hitherto Known as MANEESH KUMAR S/O DHARMVEER, R/O- Ambi, Ambi, Latifpur PO: Lateefpur DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212645, have changed my name and shall hereafter be known as HARI RAM.

I hitherto Known as JAGPATIYA W/O: RAM AVTAR, R/O- Padri, Baira Gadhiwa, PO: Beragarhiwa DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed my name and shall hereafter be known as SHEETLA DEVI.

NAME CHANGE

I hitherto known as REMASH S/O: CHAMAN DAS, R/O- thakur singh, village-sajaan kanda, post-devprayag, Bhatkot, Tehri Garhwal, Kharsadi, Uttarakhand, 249192, have changed my name and shall hereafter be known as RAMESH.

I hitherto known as AMIT SINGH CHAUHAN S/O: RAVINDRA SINGH CHAUHAN, R/O- b 1095 awas vikas hanspuram, naubasta kanpur, Kasigawan, Kanpur Nagar, Uttar Pradesh - 208021, have changed my name and shall hereafter be known as HARSH SINGH.

I hitherto known as RENU D/O: RAJENDRA KUMAR, R/O- Bishunapur, Phulwariya Bye Pass, Balrampur, Balrampur, Balrampur, Uttar Pradesh, 271201, have changed my name and shall hereafter be known as RINKI PAL.

I, NAND KISHOR S/O: RAM ASRE, R/O- 48/228, Auravan, Aorava, Lucknow, Banthra, Uttar Pradesh, 227101, have changed the name of my minor daughter ANKITA aged 17 years and she shall hereafter be known as ANAMIKA.

I hitherto known as LAXMI D/O: MANOJ SHARMA, R/O- Village/Town/City: Naugaon, District: Mainpuri, P.O.: Naugaon, State: Uttar Pradesh, PinCode: 205265, have changed my name and shall hereafter be known as RIYA SHARMA.

I, SATENDRA SINGH S/O: RAM AVATAR, R/O- Gopalpur, VTC: Kichahiya Gopalpur, PO: Dhupkari, Sub District: Bidhuna, District: Auraiya, State: Uttar Pradesh, Pin Code: 206244, have changed the name of my minor son AVSHEK GAUTAM aged 15 years and he shall hereafter be known as ABHISHEK.

I, BALVEER SINGH S/O: GURUDAYAL SINGH, R/O- paithan khurd bujurg, Paithan Khurd Bujurg, K K W, Farrukhabad, Uttar Pradesh, 207502, have changed the name of my minor son JEETU aged 14 years and he shall hereafter be known as JATIN KUMAR.

I, BABLU HIMKER S/O: RAM GYAN, R/O- 45, Amahi, Gram Amahi, Jaitpura Kalan, Agra, Uttar Pradesh - 283114, have changed the name of my minor son ABHIRAJ RAGYAN aged 10 years and he shall hereafter be known as ABHIRAJ SINGH.

I hitherto known as KRASHNA VARM? S/O: NARESH CHANDRA VERMA R/O- Bajariya Ram Lal ward no 14 Kaimganj Kaimganj, Farrukhabad Uttar Pradesh-207502, have changed my name and shall hereafter be known as NITYANSH VERMA.

I hitherto Known as SATYAVATI D/O: LALLU, R/O- Gram Teliyani, Post Teliyani, Teliyani PO: Teliyani DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed my name and shall hereafter be known as POOJA DEVI.

NAME CHANGE

I hitherto known as DHEERENDRA SINGH S/O: RAM PRAKASH SINGH, R/O- Jirau, Silsanda, PO: Kaimganj S.o, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh - 209502, have changed my name and shall hereafter be known as SUNEEL KUMAR.

I, PRAMOD S/O: HARIDAS, R/O- bhatasha, Bhatasa, PO: Bhatasa, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh - 207502, have changed the name of my minor son TANISHK aged 15 years and he shall hereafter be known as TANISH.

I hitherto known as SHOHAIB S/O: SHAHZAD HUSAIN, R/O- Samauddinpur, Bilsari, Farrukhabad, Uttar Pradesh - 207505, have changed my name and shall hereafter be known as SHOEV.

I, ARUN KUMAR S/O: GURUDAYAL, R/O- paithan khurd bujurg, Paithan Khurd Bujurg, Farrukhabad, K K W, Uttar Pradesh, 207502, have changed the name of my minor son ABHIRAL KUMAR aged 14 years and he shall hereafter be known as AVIRAL.

I hitherto known as AVNEESH S/O: RAJESH KUMAR, R/O- graam pahadpur athseni, Kanasi, PO: Kanasi, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh - 207501, have changed my name and shall hereafter be known as ANSHUL KUMAR.

I hitherto known as BHAIYA LAL S/O: GULJARI, R/O- 21, salempur tiliyan hamirpur khas, Kalmganj, Farrukhabad, Uttar Pradesh, 209502, have changed my name and shall hereafter be known as BHAI LAL.

I hitherto Known as POOJA W/O: BRIJESH TIWARI, R/O- Tambeshwar Ka Purwa Near Maharshi School, Fatehpur, PO: Aboonagar DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed my name and shall hereafter be known as POOJA UPADHYAY.

I hitherto Known as NAJRN BEGUM W/O: MO SAFIK, R/O-01, Korai, Bakandha, PO: Korai DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed my name and shall hereafter be known as NAZREEN BEGUM.

I hitherto Known as SHREYANSH SINGH S/O: DHARMENDRA SINGH, R/O-121, Laugav, Laogav PO: Laugaon DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-216221, have changed my name and shall hereafter be known as RUDRA PRATAP SINGH.

I hitherto known as BABY W/O: JAY KUMAR, R/O- 230, muraithi, Kunwakhera Khas, PO: Kuiyan Khera, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh - 207503, have changed my name and shall hereafter be known as KM BABI YADAV.

I, SHIVVATI W/O- PREMCHANDRA, R/o- Jammupur, Umari, PO: Umari, Dist: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed the name of my minor daughter SITARA DEVI, aged 16 years and she shall hereafter be known as SHALINI.

NAME CHANGE

I hitherto known as Bharti Adiani alias km Sarika avtani W/O: Mahesh Kumar Adiani, D/O- PAMMAN LAL AVTANI R/O- 125/L/56-A, 56-B, Flat No 101 1st Flor Shyam Lok Appartment, Govind Nagar, Govind Nagar, PO: Govind Nagar, DIST: Kanpur Nagar, Uttar Pradesh - 208006, have changed my name and shall hereafter be known as Bharti Adiani.

I hitherto Known as VINIT YADAV S/O: MAN SINGH, R/O- Khambhapur Fatehpur, Fatehpur, PO: Aboonagar DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed my name and shall hereafter be known as VINEET KUMAR.

I hitherto Known as SAVITA TRIPATHI W/O: SUNEEL KUMAR PANDEY, R/O- Jamrawan, Fatehpur, Lohari PO: Jamraon DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh- 212654, have changed my name and shall hereafter be known as SAVITA PANDEY

I hitherto Known as RAM SANJEEVAN YADAV S/O: RAM PRASAD, R/O- Post Fatehpur, Mavaiya, Fatehpur PO: Aboonagar DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh- 212601, have changed my name and shall hereafter be known as SAJEEVAN YADAV

I hitherto Known as KAMLA W/O: JAGESHVAR, R/O- 119, Belai Post Belai, Balaie PO: Belain DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212641, have changed my name and shall hereafter be known as FULAWA DEVI

I hitherto Known as MEENA DIXIT W/O: LAL BAHADUR DIXIT, R/O- Khushawakt Rai Nagar, Fatehpur, PO: Aboonagar DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed my name and shall hereafter be known as BITOL DIXIT.

I hitherto Known as SADLOO S/O: KALLU, R/O- 310, Sato Joga, Dharmpur Sato, PO: Dharmpur Saton DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212623, have changed my name and shall hereafter be known as RAM SUCHIT.

I hitherto Known as TARIK KHAN S/O: SAREEFUL HASAN R/O- simaor, GAZEEPUR, Samaor PO: ghazipur DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-216221, have changed my name and shall hereafter be known as ABUL HASAN.

I hitherto known as RAM PAL SINGH S/o- BABULAL R/o- Chhatuwapur Majre Kandhi, Bilandpur, Bilandpur, Dist- Fatehpur, Uttar Pradesh- 212601, have changed my name and shall hereafter be known as RAKSHPAL SINGH.

I hitherto Known as KHALIKUN W/O: SHAHID ALI, R/O- Ekaura, Vijayepur, PO: Vijaeepur DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212655, have changed my name and shall hereafter be known as SATEENA.


I hitherto Known as KRISHNA PAL S/O NANKAU, R/O- Fatehpur, Kaseruwa, Fatehpur, PO: Aboonagar DIST: Fatehpur, Uttar Pradesh-212601, have changed my name and shall hereafter be known as KESHAN PAL.

नकटा दियारा से दीदारगंज तक 92 गंगा घाटों पर अर्घ्य की तैयारी

पटना (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पटना नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नकटा दियारा से दीदारगंज बालू घाट तक 92 गंगा घाटों के अलावा 82 स्थायी एवं अस्थायी तालाबों, पोखरों और पार्कों में व्रतियों के अर्घ्य देने की व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ से क्षतिग्रस्त घाटों, सीढ़ियों और संपर्क पथों की मरम्मत के साथ साफ सफाई, रोशनी, शौचालय, चेंजिंग रूम, पार्किंग और यात्री शेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देशन में तैयार मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार घाटों पर सुविधाओं, सुरक्षा, यातायात और स्वच्छता से जुड़े कार्यों की निगरानी की जा रही है। घाटों के समतलीकरण और पहुंच पथों को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने के दौरान परेशानी नहीं हो। छठ घाटों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम तीन चरणों में विशेष सफाई अभियान चलाएगा। पहले चरण में दीपावली तक सभी चिह्नित घाटों, तालाबों, पोखरों, पार्कों और संपर्क पथों की सफाई पूरी करने का लक्ष्य है। दूसरे चरण में 9 से 11 नवंबर तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। दीपावली के बाद पूजा सामग्री के विसर्जन से घाटों पर गंदगी बढ़ने की आशंका को देखते हुए कृत्रिम तालाब और डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफआर्थिक दंड लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। तीसरे चरण में 13 से 16 नवंबर तक घाटों, तालाबों और पार्कों की प्रतिदिन सफाई होगी। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रत्येक वार्ड में 10 अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती की गई है। छठ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंगा घाटों पर तीन स्तरीय रेलिंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्था होगी। बांस.बल्लों को मजबूती देने के लिए क्रॉस बैरिकेडिंग भी की जाएगी। खतरनाक घाटों की पहचान कर वहां चेतावनी संबंधी सूचना प्रदर्शित की जाएगी और लाल कपड़े से घेराबंदी की जाएगी ताकि श्रद्धालु जोखिम वाले स्थानों पर जाने से बचें।

नगर आयुक्त ने बांकीपुर के सभी 18 गंगा घाटों का किया निरीक्षण

पटना (आससे)। छठ महापर्व को लेकर पटना में गंगा घाटों की सफाई और मरम्मत का काम तेज कर दिया गया है। गुरुवार को नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने अधिकारियों और अभियंताओं की टीम के साथ बांकीपुर अंचल के सभी 18 गंगा घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की स्थिति का जायजा लेते हुए सफाई, मरम्मत और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने टीएन बनर्जी घाट, वंशीघाट, दरभंगा हाउस घाट, लॉ कॉलेज घाट, रौशन घाट और चौधरी टोला घाट सहित सभी 18 घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और छठ व्रतियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस वर्ष मानसून के दौरान आई बाढ़ के कारण गंगा घाटों पर पिछले वर्षों की तुलना में अधिक गाद जमा हुई है। बारिश के चलते सफाई कार्य भी प्रभावित हुआ है। कई घाटों की सीढ़ियां और पोर्टिको के कुछ हिस्से अब भी पानी में डूबे हैं।



शिविर में बैंककर्मियों ने किया रक्तदान

पटना (आससे)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, पटना द्वारा गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह आयोजन राजधानी स्थित हॉस्पिटल जयप्रभा मेदांता के संयोजन एवं सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में अंचल कार्यालय, मंडल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 50 से अधिक स्टाफ सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। अंचल प्रबंधक लक्ष्मीकांत मिश्रा ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान द्वारा जहां हम किसी को जीवनदान दे सकते हैं। साथ ही साथ यह हमारे स्वस्थ जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर मंडल प्रमुख युवराज सिंह राठौड़, उप अंचल प्रमुख बलिकरन यादव, अमित जोशी एवं सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

पटना (आससे)। बी.डी. कॉलेज में गुरुवार को इनर व्हील क्लब ऑफ पटना के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थी कल्याण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मनोचिकित्सक डॉ. बिंदा सिंह मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव से निपटने के उपायों और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों से सहायता लेने की आवश्यकता बतायी

कामाख्या रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बढ़ानेके लिए
एनएफआर के जीएम ने अपग्रेटेड सुविधाओं का उद्घाटन किया


मालीगांव (आससे)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने कामाख्या रेलवे स्एशन पर अपग्रेटेड सुविधाओं का उद्घाटन किया। यह यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्टेशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अपग्रेडेशन कार्य में स्टेशन भवन, प्लेटफार्म, रिजर्व लाउंज, कॉनकोर्स, सर्कुलेटिंग एरिया, सड़कें और अन्य सहायक सुविधाएं शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों के आराम, सुगम पहुंच और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।

सुधार कार्यों के तहत, वाहनों की आवाजाही को सुलभ बनाने और पीक आवर्स (व्यस्त अवधि) में भीड़-भाड़ कम करने के लिए अलग ट्रैफिक लेन, कवर्ड पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ, पोर्टिको तथा दो लेन वाली एग्जिट रोड बनायी गयी हैं। रिजर्व लाउंज को बेहतर इंटीरियर, लाइटिंग, वेंटिलेशन, एयर-कंडीशनिंग, फर्नीचर, शौचालय और पैंट्री सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया गया है और इसके बैठने की क्षमता भी दोगुनी कर दी गयी है। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और यात्रा से जुड़ी जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने के लिए एक एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली, बेहतर अनाउंसमेंट सुविधाएं और वाई-फाई कनेक्टिविटी भी दी गयी है।

प्लेटफार्म संख्या-४ को अपग्रेड किया गया है। इसमें बेहतर फ्लोरिंग और कोपिंग, नए रंगीन रूफिंग शीट और बारिश के पानी की निकासी के लिए चौड़े गटर बनाए गए हैं। फुट ओवरब्रिज और प्लेटफार्म शेल्टर के बीच खुले हिससे को अब ढक दिया गया है, ताकि खराब मौसम में यात्रियों को बेहतर सुरक्षा मिल सके।

एलआईसी सतर्कता जागरूकता सप्ताह में हुआ वॉकथॉन

पटना (आससे)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२०२६ के अंतर्गत भारतीय जीवन बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा बुधवार को प्रात: ८ बजे वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जीवन बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२०२६'



से संबंधित स्लोगन एवं बैनर लेकर पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से वॉकथॉन में सहभागिता की।

यह वॉकथॉन केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत पूरे देश भर में २६ अक्टूबर से १ नवंबर तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२०२६' मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सतर्कता विभाग, भारतीय जीवन बीमा निगम, पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, एक्जीबिशन रोड, पटना द्वारा किया गया।

'प्रणाम पटना' फिल्ममेकर गीतांजलि सिन्हा के पहले शब्दों के पीछे छिपी भावना

पटना (आससे)। रेडियो मिर्ची के पटना में आयोजित डांडिया समारोह में दर्शकों को संबोधित करने से पहले फिल्ममेकर गीतांजलि सिन्हा ने काफी समय यह सोचने में बिताया कि उन्हें अपने संबोधन की शुरुआत किन शब्दों से करनी चाहिए। उनके लिए यह अवसर केवल अभिवादन तक सीमित नहीं था, बल्कि अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भावनात्मक पल था। अपनी आगामी फिल्म के मुख्य कलाकारों अमन और नूपुर के साथ अतिथि सम्मानित के रूप में आमंत्रित गीतांजलि जब संगीत, नृत्य और संस्कृति का उत्सव मनाने के लिए जुटे लोगों के सामने खड़ी हुईं, तो इस शाम का उनके लिए एक गहरा व्यक्तिगत अर्थ भी था। वह उस धरती पर खड़ी थीं, जहां उन्होंने सीखा, खुद को विकसित किया और फिल्ममेकर बनने का सपना पहलीबार संजोया था। और इसलिए, उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत केवल दो शब्दों से की- 'प्रणाम पटना'।

टिकट जांच अभियान में पकड़े गये 1918 बेटिकट यात्री

(आज समाचार सेवा)

पटना। दानापुर रेल मंडल में 28 अक्टूबर को विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में की गई जांच के दौरान कुल 1918 यात्रियों को बिना टिकट या अनियमित टिकट के साथ यात्रा करते पकड़ा गया।

इनसे रेलवे नियमों के तहत कुल 1496675 रुपये जुर्माना वसूला गया। डीआरएम दानापुर के निर्देश पर सीनियर डीसीएम अभिनव सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया।

इस दौरान दानापुर मंडल से खुलने और गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों के टिकट और यात्रा प्राधिकार की जांच की गई।

विशेष टिकट जांच अभियान के तहत पुनपुन स्टेशन पर भी कार्रवाई की गई। यहां 111 यात्रियों को बिना टिकट या अनियमित टिकट के साथ यात्रा करते पकड़ा गया। उनसे 61050 रुपये जुर्माना वसूला गया।

पीएनबी ने दो दिव्यांगजनों को दिये व्हीलचेयर

पटना (आससे)। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय पटना के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए तथा सीवीसी के दिशानिर्देशों के तहत जीवन ज्योति एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से गांधी संग्रहालय पटना में दिव्यांगजनों को दो व्हीलचेयर वितरित किये गये। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं चलने-फिरने में असमर्थ व्यक्तियों को सुविधा प्रदान करना हैं। इस मौके पर पीएनबी से उपमंडल प्रमुख अजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक नीरज कुमार, पटना कार्यालय के मुख्य प्रबंधक नवीन कुमार, संस्था के अध्यक्ष रवि रंजन, डा.नमिता सोनी, गौतम दत्ता, दीपक आदि उपस्थित थे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही के नतीजे-पीएटी 196.5प्रतिशत बढ़कर 1,045 करोड़ हुआ

मुंबई, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय नतीजे घोषित किए। वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में बैंक का टैक्स के बाद मुनाफा (पीएटी) सालाना आधार पर 196.5प्रतिशत बढ़कर 1,045 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 27 की पहली छमाही में पीएटी 2,120 करोड़ रुपए रहा, जबकि एसेट्स पर रिटर्न 0.99प्रतिशत रहा। कुल डिपॉजिट सालाना आधार पर 25.9प्रतिशत और पिछली तिमाही के मुकाबले 11.8प्रतिशत बढ़कर 3,48,583 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में औसत सीएएसए रेशियो 48.4प्रतिशत पर मजबूत बना रहा। इसमें 50.1प्रतिशत से आई मामूली गिरावट की मुख्य वजह तिमाही के दौरान एफसीएनआर डिपॉजिट में हुई बड़ी बढ़ोतरी रही। क्रेडिट सब्स्टीट्यूट्स और एफसीएनआर (बी) के बदले दिए गए लोन सहित कुल लोन और एडवांस सालाना आधार पर 30.1प्रतिशत बढ़कर 3,46,913 करोड़ रुपए हो गए। एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट के बदले दिए गए लोन को हटाने पर, आईबीपीसी को शामिल करते हुए, लोन ग्रोथ 22.2प्रतिशत रही। लगातार दूसरी तिमाही में खर्चों की बढ़ोतरी, आय की बढ़ोतरी से करीब 500 बेसिस पॉइंट कम रही। वित्त वर्ष 27 की पहली छमाही में अतिरिक्त आय के मुकाबले खर्च का रेशियो 55प्रतिशत रहा।

15 नवंबर से होंगे महँगे एआई+ स्मार्टफोन के चुनिंदा मॉडल्स

पटना, एआई+ स्मार्टफोन ने 15 नवंबर, 2026 से अपने पोर्टफोलियो के चुनिंदा मॉडल्स की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। खासकर कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में लागत का दबाव लगातार बना हुआ है। एआई+ स्मार्टफोन अब तक इस दबाव के असर का आकलन करते हुए ग्राहकों के लिए फोन की कीमतें किफायती बनाए रखने की कोशिश करता रहा है। हालाँकि, बढ़ती लागत के चलते कंपनी ने कीमतों में एक बार फिर सीमित बढ़ोतरी करने का फैसला किया है, ताकि फोन की कीमतों को किफायती बनाए रखने के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव भी दिया जा सके। कीमतों में 3,000 रुपए तक की बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में, ग्राहक 14 नवंबर तक अपने पसंदीदा एआई+ स्मार्टफोन मौजूदा कीमतों पर खरीद सकते हैं। नई कीमतों के तहत एआई+ पल्स 2 एफई, पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी के चुनिंदा वैरिएंट्स 1,000 से 3,000 रुपए तक महँगे होंगे। वहीं, एआई+ नोवाफ्लिप 5जी की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा और यह 49,999 रुपए में उपलब्ध रहेगा। इंडस्ट्री में लागत से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, एआई+ स्मार्टफोन भारतीय ग्राहकों को किफायती कीमतों पर बेहतर अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है।

खतरनाक घाटों की पहचान करायें :डीएम

छठ घाटों की तैयारी तेज, 4 नवंबर तक निरीक्षण रिपोर्ट सौंपेंगे सेक्टर पदाधिकारी

पटना (आससे)। छठ महापर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पटना जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के छठ घाटों की साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और व्रतियों के लिए जरूरी सुविधाओं का आकलन किया जा रहा है। इसके लिए घाटों को विभिन्न समूहों में बांटकर सेक्टर पदाधिकारियों, सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों और सहयोगी अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी पदाधिकारियों को 4 नवंबर 2026 तक निरीक्षण प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र के घाटों का विस्तृत निरीक्षण करने और उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन करने को कहा है। निरीक्षण के दौरान घाटों की पहचान की पुष्टि करने के साथ उपयुक्त, अनुपयुक्त और खतरनाक घाटों को चिह्नित किया जाएगा। यदि कोई नया घाट छठ पूजा के लिए उपयोगी पाया जाता है तो वहां भी सुरक्षा और सुविधाओं की उपलब्धता का आकलन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। जहां सीढ़ियों के निर्माण या मरम्मत की जरूरत होगी वहां आवश्यक कार्रवाई के लिए आकलन किया जाएगा। महिला और पुरुष व्रतियों के लिए अलग अलग शौचालय, पेयजल, चेंजिंग रूम, यात्री शेड और पार्किंग की व्यवस्था के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित किए जाएंगे। घाटों तक पहुंचने वाले संपर्क पथों की स्थिति और श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन पर भी ध्यान दिया जाएगा। छठ के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए घाटों और संपर्क पथों पर भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की तैयारी है। इसके लिए आवश्यक संख्या में वॉच टावर लगाने, प्रत्येक घाट पर नियंत्रण कक्ष और जरूरत के अनुसार सहायक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की व्यवस्था का आकलन किया जाएगा।

बिहार के 38 जिलों में एक साथ हुआ स्टार्टअप बैंक कनेक्ट

पटना (आससे)। बिहार में युवाओं के बीच उद्यमशीलता और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए उद्योग विभाग की पहल स्टार्टअप बिहार की ओर से राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम स्टार्टअप बैंक कनेक्ट का आयोजन किया गया। राज्य के सभी 38 जिलों में एक साथ आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 6289 स्टार्टअप्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्राप्त करने के विभिन्न विकल्पों, बैंकिंग प्रक्रियाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। इसके लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित स्टार्टअप सेल्स के नेटवर्क का उपयोग किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और उभरते उद्यमियों को स्टार्टअप बिहार तथा स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत उपलब्ध सहायता योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही संस्थागत वित्त प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों, बैंकिंग प्रक्रियाओं और व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक वित्तीय तैयारियों पर चर्चा हुई।

6289 स्टार्टअप्स ने लिया हिस्सा

पूटा अध्यक्ष बने प्रो. शंकर कुमार आशुतोष कुमार बने महासचिव

(आज समाचार सेवा)

पटना। पटना विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (पूटा) के पदाधिकारियों की सूची में प्रो. शंकर कुमार को अध्यक्ष बनाया गया है। वे पटना विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के अध्यक्ष हैं। उपाध्यक्ष पद पर मगध महिला कॉलेज की अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर अर्चना जायसवाल और पटना लॉ कॉलेज के विधि विभाग के रीडर सलीम जावेद का नाम शामिल है। वहीं, बिहार नेशनल कॉलेज, पटना के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर आशुतोष कुमार को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। संघ के पदाधिकारियों का उद्देश्य शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना, उनके हितों की रक्षा करना और विश्वविद्यालय की स्वायत्तता बनाए रखना है। संगठन ने नियमित बैठकों, शिक्षकों से संवाद और कार्यों में पारदर्शिता पर भी जोर दिया है।

बी.डी. कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

(आज समाचार सेवा)

पटना। बी.डी. कॉलेज में गुरुवार को इनर व्हील क्लब ऑफ पटना के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थी कल्याण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मनोचिकित्सक डॉ. बिंदा सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और तनाव प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानसिक समस्याओं पर खुलकर बात करना और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों से सहायता लेना जरूरी है।

इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. विभूति कुमार को बेहतर शिक्षण कार्य और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समन्वय अंजू गुप्ता ने किया। मौके पर डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. स्वर्णा कुमार सहित शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ए.एन. कॉलेज में एमबीए और एमसीए के विद्यार्थियों का परिचय सत्र आयोजित

(आज समाचार सेवा)

पटना। ए.एन. कॉलेज में गुरुवार को सत्र 2025-27 के एमबीए एवं एमसीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर करियर निर्माण के लिए महाविद्यालय की ओर से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

उन्होंने अनुशासन, नियमित उपस्थिति और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन पर जोर दिया। एमबीए संयोजक प्रो. कुमारी वीणा ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। एमसीए विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान और कौशल विकसित करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेकानंद तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. डी.के. सिंह ने प्रस्तुत किया।

एशियन पेंट्स ने दिवाली की तैयारियों पर पेश की संगीतमय विज्ञापन फिल्म

पटना (आससे)। एशियन पेंट्स ने दिवाली की तैयारियों और पारिवारिक मेलजोल को दर्शाने वाली संगीतमय विज्ञापन फिल्म 'तैयारी शुरू, त्योहार शुरू' पेश की है। इसमें घर की सफाई, सजावट और दीवारों को नए रंगों से संवारने के दौरान परिवार और दोस्तों के साथ बिताए खुशनुमा पलों को दिखाया गया है। यह अभियान पटना, गयाजी, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में प्रस्तुत किया गया। कंपनी के अनुसार, दिवाली की तैयारियां ही त्योहार की खुशियों और एकजुटता का आधार हैं।

भारत में एआई से फॉरवर्ड डिप्लॉयड इंजीनियर की मांग 19 गुना बढ़ी

पटना (आससे)। इनडीड के अनुसार, भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते इस्तेमाल से फॉरवर्ड डिप्लॉयड इंजीनियर के पदों की मांग जून 2025 से जून 2026 के बीच 19 गुना बढ़ी है। वहीं, पिछले दो वर्षों में डेटा सेंटर से जुड़ी नौकरियां लगभग दोगुनी हुई हैं। इनडीड इंडिया के प्रबंध निदेशक शशि कुमार के मुताबिक, इन पदों के लिए तकनीकी दक्षता के साथ समस्या समाधान और ग्राहकों से संवाद करने की क्षमता भी जरूरी है।